।। जय गुरु नाना।।

।। जय महावीर।।

।। जय गुरु राम।।

# संघ समर्पणा एवं महोत्सव
# 61वाँ वार्षिक अधिवेशन-2023

**दिनांक :** 14-16 अक्टूबर 2023

## कार्यक्रम विवरण

**स्थान :** नीमच (म.प्र.)

### 14 अक्टूबर 2023, शनिवार

दोपहर 1 बजे से

**कार्यसमिति बैठक**

**श्री अ.भा.सा. जैन समता युवा संघ**

**आमंत्रित :** शीर्ष पदाधिकारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व मंत्री, प्रवृत्ति संयोजक, कार्यसमिति सदस्यगण, स्थानीय शाखा प्रमुख, लीड मेंबर एवं विशेष आमंत्रित सदस्य

सायं 7.30 बजे से

**RRR रियल रामेश रत्न**

अंतर्गत - समता संस्कार पाठशाला

**ग्रांड फिनाले**

### 15-16 अक्टूबर 2023, रविवार - सोमवार

दोपहर 12.15 बजे से — सत्र-1 व सत्र 2

**संयुक्त वार्षिक अधिवेशन**

श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ

श्री अ.भा.साधुमार्गी जैन महिला समिति

श्री अ.भा.साधुमार्गी जैन समता युवा संघ

आमंत्रित : साधुमार्गी परिवार एवं सकल जैन समाज

### 15 अक्टूबर 2023, रविवार

सायं 4 से 5 बजे तक

**महत्तम महोत्सव**

**एक स्वर्णिम यात्रा**

**आमंत्रित :** महत्तम महोत्सव कोर टीम, प्रवृत्ति प्लानिंग टीम (लेवल 2), जोनल लीड्स, अंचल प्रमुख, अंचल पीआरओ, स्थानीय प्रमुख, स्थानीय लीड्स, स्थानीय प्रतिनिधि एवं आमंत्रित सदस्य

### 15 अक्टूबर 2023, रविवार

सायं 7.30 बजे से

**कार्यसमिति बैठक**

**श्री अ.भा.साधुमार्गी जैन संघ**

**आमंत्रित :** शीर्ष पदाधिकारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व मंत्री, प्रवृत्ति संयोजक, सह संयोजक, संयोजक मण्डल सदस्य, कार्यसमिति सदस्यगण एवं विशेष आमंत्रित सदस्य

### 16 अक्टूबर 2023, सोमवार

दोपहर 2:30 बजे से

**वार्षिक आमसभा**

**श्री अ.भा.साधुमार्गी जैन संघ**

**आमंत्रित :** समस्त साधारण-आजीवन सदस्य, शीर्ष पदाधिकारी, पूर्व अध्यक्ष-महामंत्री-कोषाध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष-मंत्री, प्रवृत्ति संयोजक, कार्यसमिति सदस्य, संयोजक मण्डल सदस्य, विशेष आमंत्रित एवं अंतर्गत संस्थाओं के सदस्य एवं पदाधिकारी

### 15 अक्टूबर 2023, रविवार

**कार्यसमिति बैठक व वार्षिक आम सभा**

सायं 7.15 बजे से — **श्री अ.भा.सा. जैन महिला समिति**

**आमंत्रित :** समस्त साधारण-आजीवन सदस्या, शीर्ष पदाधिकारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्षा व मंत्री, प्रवृत्ति संयोजिका, कार्यसमिति सदस्या, पूर्व अध्यक्षा-महामंत्री, विशेष आमंत्रित सदस्या

**वार्षिक आम सभा**

सायं 7.30 बजे से — **श्री अ.भा.सा. जैन समता युवा संघ**

**आमंत्रित :** श्री अ.भा.साधुमार्गी जैन समता युवा संघ के सभी स्तम्भ सदस्यगण एवं सभी साधारण सदस्यगण

**निवेदक**

राष्ट्रीय महामंत्री

**श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ**

श्री अ.भा.साधुमार्गी जैन महिला समिति — श्री अ.भा.साधुमार्गी जैन समता युवा संघ

# श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ

राम चमकते भानु समाना

## आमंत्रण पत्र

बैठक क्रमांक : 3/वर्ष 2021–23 दिनांक : 25 सितम्बर 2023

## वार्षिक आम सभा

श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ के सत्र 2021–23 की द्वितीय वार्षिक आमसभा श्रीसंघ के गौरवशाली राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गौतम जी रांका की अध्यक्षता में दिनांक 16 अक्टूबर 2023, सोमवार को नीमच (म.प्र.) में दोपहर 2.30 बजे आयोजित होनी प्रस्तावित है। जिसमें श्रीसंघ के समस्त साधारण, आजीवन व विशिष्ट सदस्य तथा अंतर्गत संस्थाओं के अधिकृत पदाधिकारी सादर आमंत्रित है। उपरोक्त बैठक की गरिमा में अभिवृद्धि हेतु आप सभी की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

**: कार्यसूची :**

1. मंगलाचरण एवं संकल्प सूत्र वाचन।
2. स्वागत उद्बोधन एवं प्रतिवेदन प्रस्तुति – राष्ट्रीय महामंत्री।
3. विगत विशेष आमसभा (दिनांक 3 जुलाई 2023, नीमच में आयोजित) के कार्यवृत्त की पुष्टि, अंगीकृति एवं अनुमोदना।
4. वित्तीय वर्ष 2022–23 के अंकेक्षित तुलन पत्र (Audited Balance Sheet) की पुष्टि, अंगीकृति एवं अनुमोदना।
5. कार्यसमिति बैठकों में पारित/अनुमोदित प्रस्तावों की पुष्टि, अंगीकृति एवं अनुमोदना।
6. अध्यक्षीय अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा।
7. राष्ट्रीय अध्यक्ष उद्बोधन।
8. सत्र 2023–25 के लिए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण।
9. चारित्रात्माओं के देवलोकगमन पर चार–चार लोग्गस का ध्यान।
10. संघ समर्पणा गीत के साथ समापन।

कृपया सभी साधुमार्गी परिवार अवश्य पधारें।

–: निवेदक :–

**राष्ट्रीय महामंत्री**
**श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ**

**बैठक स्थल :- नीमच ( मध्यप्रदेश )**

**विशेष :** बैठक में प्रतिभागिता के सुअवसर के अलावा आपको अत्र विराजित शास्त्रज्ञ, तरूणतपस्वी, प्रशांतमना, नानेश पट्टधर पूज्य आचार्य–प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म.सा. एवं आज्ञानुवर्ती संत/सतिया जी म.सा. आदि ठाणा के दर्शन, वंदन, प्रवचन का लाभ प्राप्त होगा।

**नोट :** किसी भी महानुभाव का बैठक से संबंधित यदि कोई प्रश्न अथवा सुझाव हो तो दिनांक 5 अक्टूबर 2022 तक केन्द्रीय कार्यालय सहायता नंबर 7665001008 पर केंद्रीय कार्यालय भिजवाने की कृपा करावें!

जय गुरु नाना जय महावीर जय गुरु राम

राम चमकते भानु समाना

# श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ

**सत्र 2021–23**

## विशेष आम सभा का कार्यवृत्त

**बैठक क्रमांक – 2**

**स्थान :** होटल देव रेसिडेंसी, महिंद्रा शोरूम के सामने, हिंगोरिया घाटी, महाऊ रोड, नीमच (मध्यप्रदेश)

**दिनांक :** 3 जुलाई 2023

**समय :** दोपहर 4.00 बजे से


**: प्रधान कार्यालय :**

**समता भवन, आचार्य श्री नानेश मार्ग, गंगाशहर नोखा रोड,**

**बीकानेर ( राजस्थान ) फोन नं. : 0151–2270261,359**

www.sadhumargi.com E-mail : ho@sadhumargi.com


❍❍❍


**शैक्षणिक एवं धार्मिक गतिविधि केन्द्र**

**आचार्य श्री नानेश ध्यान केन्द्र राणाप्रताप नगर रोड,**

**सुन्दरवास, उदयपुर – 313002 ( राज. )**

Email : udpr@sadhumargi.com

# श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कालावधि** | : **2021-23** | **बैठक क्रमांक** | : **2** |
| **दिनांक** | : **3 जुलाई 2023** | **समय** | : **दोपहर 4.00 बजे से** |
| **प्रतिभागी सदस्य** | : **225** | **सुगमकर्ता** | : **राष्ट्रीय महामंत्री** |

**बैठक स्थल** : **होटल देव रेसिडेंसी, महिंद्रा शोरूम के सामने, हिंगोरिया घाटी, महाऊ रोड, नीमच ( मध्यप्रदेश )**

## विशेष आम सभा कार्यवृत्त के मुख्य निर्णय बिन्दु

### निर्णय

1. विगत वार्षिक आम सभा दिनांक 28 सितम्बर 2022, अटल बिहारी वाजपेयी सभागार उदयपुर (राज.) में आयोजित के कार्यवृत्त की अनुमोदना एवं स्वीकृति। (क्रम संख्या – 3, पेज संख्या – 9)
2. वित्तीय वर्ष 2023–24 के बजट की पुष्टि, अंगीकृति एवं अनुमोदना। (क्रम संख्या – 4, पेज संख्या – 9)
3. नानेश निकेतन, रतलाम व नो एण्ड ग्रो के बजट पर स्वीकृति (क्रम संख्या – 4.1, पेज संख्या – 10)
3. सत्र 2023–25 के लिए नव अध्यक्ष मनोनयन। (क्रम संख्या – 8, पेज संख्या – 12)

### अन्य बिन्दु

1. नव साहित्य 'स्वरित' का विमोचन। (क्रम संख्या – 5, पेज संख्या –10)

## वार्षिक आम सभा का कार्यवृत

**क्रम संख्या - 1 - सत्रारंभ :** श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गौतमजी रांका की अध्यक्षता में होटल देव रेसिडेंसी, महिंद्रा शोरूम के सामने, हिंगोरिया घाटी, महाऊ रोड, नीमच (मध्यप्रदेश) में सत्र 2021–23 की विशेष आमसभा का आयोजन हुआ।

मंचासीन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गौतम जी रांका, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री मनोज जी डागा, निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जयचंदलाल जी डागा, निवर्तमान राष्ट्रीय महामंत्री श्री सुनील जी बम्ब, पूर्व अध्यक्ष श्री शांतिलाल जी सांड, शिखर सदस्य श्री माणकचंद जी नाहर, श्री दिनेश जी सिपानी, महिला समिति की पुर्नमनोनित राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती पुष्पा जी मेहता, महामंत्री श्रीमती सुमन जी सुराणा, समता युवा संघ अध्यक्ष श्री सुमित जी बम्ब, महामंत्री श्री अनिल जी पोरवाल एवं गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में महामंत्री श्री निश्चल जी कांकरिया ने विशेष आमसभा प्रारंभ करने की घोषणा की तथा सामुहिक मंगलाचरण, नवकार मंत्र एवं संघ समर्पणा गीत की चार पंक्तियों से सत्र का शुभारंभ हुआ। संघ विधान

में प्रावधानित सदस्यों की प्रतिपूर्ति उपरांत वार्षिक आम सभा की कार्यवाही निर्धारित समय पर आरंभ की गई, जिसमें 225 सदस्य व्यक्तिगत उपस्थित थे **( संलग्न परिशिष्ट–1 )**।

1.1 – तत्पश्चात् राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गौतम जी रांका ने साधुमार्गी संकल्प का वाचन किया, जिसका सभा ने सामूहिक दुहराव किया।

**क्रम संख्या – 2 – स्वागत उद्बोधन एवं प्रतिवेदन प्रस्तुति** – महामंत्री जी ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि अभी हम सभी संघ के प्रति हमारी समर्पणा को 'संघ हमारा अविचल मंगल...' संघ समर्पणा गीत के माध्यम से गा रह थे। हम सभी जानते है ंकि हमारी पुण्यवानी के उदय से हमें इस संघ की सेवा का अवसर मिला है। हम अंर्तमन से मानते हैं कि हमारा संघ श्रेष्ठ है, पर वह श्रेष्ठ कैसे है और क्यों है, इसका कारण है कि हमारे पूर्वाचार्यों और वर्तमान आचार्य का अतिशय। हम भाग्यशाली मानते हैं स्वयं को क्यूंकि हमें ऐसे आचार्य का श्रावक बनने का अवसर मिला है, जो अपनी मर्यादित साधुचर्या से निरन्तर धर्माराधना करते हुए हम सभी को लाभान्वित कर रहे है। अब हमारा भी कर्तव्य है कि हम यह देखें कि क्या हम हमारे इस संघ की सभी प्रवृत्तियों, आचार्य भगवन के आयामों की प्रभावना सभी क्षेत्रों में कर पा रहे है, उनसे जन–जन को जोड़ रहे हैं। महत्तम महोत्सव हमारे जीवन का स्वर्णिम अवसर है, जिससे स्वयं जुड़ते हुए साधुमार्गी संघ के प्रत्येक सदस्य, प्रत्येक स्वधर्मी भाई–बहिन को जोड़कर आचार्य भगवन के चरणों में सच्ची भेंट अर्पित कर सकते है। लगभग 21 माह का समय शेष है, सभी इसकी अधिक से अधिक इसकी प्रभावना करते हुए इस सफल बनाने के लिए पुरूषार्थ करें।

जैसा कि हम जानते है कि आज के इस भौतिक युग में भावी पीढ़ी में संस्कारों की कमी परिलक्षित हो रही है। हम उन्हें बहुत अच्छी व्यावसायिक शिक्षा दे रहे हैं, लेकिन आध्यात्मिकता और बेसिक संस्कारों से वे आज भी बहुत दूर है। हमारा संघ नानाविध प्रवृत्तियों के माध्यम से बच्चों में संस्कार निर्माण व चेतना जागृत करने का प्रयास कर रहा है। अतः हमारा भी कर्तृव्य है कि हम भावी पीढ़ी को संघ और इसकी संस्कार निर्माण प्रवृत्तियों से जोड़ें। हमें सेवा का सुअवसर मिला है कि हम संघ से जुड़कर संघ सेवा कर सकें, इसे आगे बढ़ा सकें। अतः हमें भी आगे आकर हमारे कर्मों की निर्जरा करते हुए इस गौरवशाली संघ से जुड़कर इसके गौरव में और अभिवृद्धि करनी चाहिए।

2.1 – उन्होंने आगे विगत वार्षिक आम सभा दिनांक 28 सितम्बर 2022 को उदयपुर में आयोजित वार्षिक आम सभा से लेकर अब तक की प्रगति को पीपीटी के माध्यम से सदन में प्रस्तुत किया। जिसके मुख्य बिन्दु निम्नवत् रहे –

1. दिनांक 29 सितम्बर से 1 अक्टूबर 2022 को महाराष्ट्र विदर्भ खानदेश अंचल के नासिक, औरंगाबाद और अहमदनगर में तीन दिवसीय प्रवास। श्री साधुमार्गी जैन संघ नासिक के रूप में नवीन संघ का गठन।

औरंगाबाद–मराठवाडा साधुमार्गी क्षेत्रीय संम्मेलन तथा अहमदनगर में नवीन समता भवन बनाने पर चर्चा प्रमुख विषय रहे।

2. दिनांक 29 अक्टूबर 2022 को मेवाड़ अंचल के कानोड़ व बांसवाड़ा में एक दिवसीय प्रवास रहा। बांसवाड़ा संघ द्वारा संघ आबद्धता हेतु स्वीकृति। कानोड़ में समता संस्कार पाठशाला का निरीक्षण किया गया।

3. दिनांक 30 अक्टूबर 2022 को जयपुर ब्यावर अंचल के मण्डी रोड (सवाईमाधोपुर) का एक दिवीसय प्रवास जिसमें श्री साधुमार्गी जैन संघ, मंडी रोड संघ में समता भवन निर्माण की घोषणा तथा लगभग 3021 वर्गफीट भूमि का चयन किया गया।

4. दिनांक 6 नवम्बर 2022 को मेवाड़ अंचल के भीलवाड़ा क्षेत्र का एक दिवसीय प्रवास हुआ जिसमें तीनों इकाईयों की संयुक्त बैठक के साथ आचार्य भगवन के आयामों, संघ गतिविधियों एवं महत्तम महोत्सव के बारे में सदस्यों को जानकारी प्रदान की गई।

5. दिनांक 18 से 23 सितम्बर 2022 को समता संस्कार पाठशाला संयोजिका श्रीमती पूजा जी शाह के नेतृत्व में मध्यप्रदेश अंचल की अठाना, बदनावर, भालोट, चारुआ, दलौदा, धामनिया, जामुनियाकलां, जावरा, गुड़ीखेडा, इंदौर, झारड़ा, खिरकिया, कंझारड़ा, कुकड़ेश्वर, कानवन, मोड़ी, मंदसौर, नीमच नारायणगढ़, नगरी, पिपलिया मंडी, रतलाम, उज्जैन व नया क्षेत्र रामपुरा में संचालित पाठशालाओं का निरीक्षण किया गया।

6. दिनांक 24 सितम्बर 2022 को रतलाम में मध्यप्रदेश अंचल में संचालित पाठशालाओं के अध्यापकों की प्रशिक्षण वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें भीलवाड़ा के ट्रेनर श्री सचिन जी चंडालिया ने पाठशाला अध्यापकों को अपने ज्ञान–ध्यान में अभिवृद्धि करते हुए बच्चों को नये–नये तरीकों से पढ़ाने के गुर सिखाए।

7. दिनांक 1 से 5 नवम्बर 2022 को महाराष्ट्र–विदर्भ–खान्देश अंचल के शिरपूर (जि. धुलिया) में शासन दीपक श्री. सुबाहूमुनिजी म. सा. आदि ठाणा 2 के पावन सानिध्य में पांच दिवसीय समता संस्कार शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान चातुर्मास काल में तपस्या करने वाले तपस्वी भाई बहनों को तथा विशेष प्रवीणता प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

8. दिनांक 22 दिसम्बर 2022 को राजनांदगाँव (छ.ग.) में मॉयनोरिटी इम्पॉवरमेंट सेल के तत्वधान में जैन मॉयनोरिटी के लाभ विषय पर सेमीनार का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता श्रीमती ममता सुराना, मुंबई तथा श्रीमती किरण काकंरिया रही। चर्चा में विशेष तौर पर छात्रवृति योजनाओं, ऋण योजनाओं तथा महिला सशक्तिकरण योजनाओ पर प्रकाश डाला गया।

9. परम पूज्य आचार्य भगवन ने आचार क्रांति के पुरोधा आचार्य श्री हुक्मीचंद जी

म.सा. के दीक्षा के द्वि–शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक 22 फरवरी 2021 को लोहावट में 2 वर्षीय 'आचार विशुद्धि' महोत्सव' के रूप में ज्ञान भक्ति, तप भक्ति तथा साधना भक्ति  के रूप में 20 सूत्रीय भक्ति आयाम प्रदान किये। जो 25 नवम्बर 2022 (मिगसर सुदी 2, वि.सं.2019) को पूर्ण हुआ। इस पूर्णता दिवस पर (25 नवम्बर 2022) को पूरे देशभर में सभी स्थानीय संघो/क्षेत्रों में में दो सामायिक की आराधना, आचार्य श्री हुक्मीचंद जी म.सा का जीवन परिचय का वाचन, गुणानुवाद सभा, मन हुक्मी–हुक्मी गाए जा... स्तवन का गायन आदि कार्यक्रम संपन्न हुए।

10. ग्लोबल कार्ड की उपयोगिता बढ़ाने की दिशा में जयपुर ब्यावर अंचल के उपाध्यक्ष श्री रविन्द्र जी सांड व मंत्री श्री सुनील जी आंचलिया ने पुरुषार्थ करते हुए जयपुर के सीके बिरला हॉस्पीटल के साथ एमओयू संपादित किया है। जिसके अंतर्गत सीके बिरला हॉस्पीटल, जयपुर में श्रीसंघ के ग्लोबल कार्ड धारक सदस्यों को उनके अस्पताल में चिकित्सकीय परामर्श/सेवाओं पर विशेष रियायत प्रदान की जा रही है। ये रियायतें सभी प्रकार की आऊटडोर व इन्डोर सेवाओं पर प्राप्त होंगी। रियायतों का लाभ लेने हेतु ग्लोबल कार्ड साथ में ले जाना अनिवार्य रहेगा।
11. दिनांक 21 से 23 दिसम्बर 2022 को बीकानेर मारवाड़ अंचल के गंगाशहर, देशनोक, अलाय, झझू, पाँचू, नोखा गाँव, नोखा व जोरावरपुरा आदि क्षेत्रों में का तीन दिवसीय प्रवास रहा। श्री साधुमार्गी जैन संघ, अलाय के नवीन पदाधिकारियों का मनोनयन हुआ तथा अलाय संघ ने संघ आबद्धता हेतु अपनी स्वीकृति प्रदान की।
12. दिनांक 25 से 31 दिसम्बर 2022 को बजरिया (सवाईमाधोपुर) में 7 दिवसीय समता संस्कार शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 8 शिक्षक व शिक्षिकाओं द्वारा 63 बालक–बालिकाओं को विभिन्न माध्यमों से धार्मिक ज्ञानार्जन करवाया गया। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बालक–बालिकाओं को स्थानीय संघ की ओर से पुरस्कृत किया गया।
13. दिनांक 23 से 25 दिसम्बर 2022 को दुर्ग (छ.ग.) में शा.दी.साध्वी श्री हेमप्रभा जी म.सा. आदि ठाणा के सान्निध्य में तीन दिवसीय स्वाध्यायी वकृत्व कला शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें सामायिक, प्रोफेशनल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण, स्वाध्यायी व्यक्तिगत आंकलन आदि षिविर के मुख्य आकर्षण रहे।
14. दिनांक 25 दिसम्बर 2022 को नोखा व दुर्ग में पूर्व वर्तमान और भावी स्वाध्यायियों के लिए स्वाध्यायी सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें नोखा में 81 स्वाध्यायियों तथा दुर्ग में 79 स्वाध्यायियों ने सहभागिता की।
15. दिनांक 1 जनवरी 2023 को श्री साधुमार्गी जैन संघ, अहमदाबाद के तत्वावधान में मुम्बई गुजरात अंचल का क्षेत्रीय सम्मेलन ''अनुपम प्रोत्साहन कार्यक्रम'' के

रूप में सआनंद संपन्न हुआ। जिसमें सूरत, सेलम्बा, नवसारी, बड़ोदरा, बारडोली, वलसाड तथा अन्य क्षेत्रों से स्थानीय संघों के अध्यक्ष/मंत्री व गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति रही। श्रेष्ठ तपस्वी जिन्होंने मासखमण 21, 16, 11, 9, 8, 5, 4 और 76 तेले की तपस्या आदि पूर्ण की, उन्हें तथा जिणधम्मो गुजराती भाग–1 ओपन बुक परीक्षा मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

16. दिनांक 5–6 जनवरी 2023 को छत्तीसगढ़ उड़ीसा अंचल के राजिम, महासमुंद, खरियार रोड़, दुर्ग, गुण्डरदेही, डोंडीलोहरा, मांगचुआ, डोंगरगांव, रायपुर आदि क्षेत्रों का दो दिवसीय प्रवास रहा। चारित्र आत्माओं के दर्शन वंदन के लाभ के साथ–साथ श्री साधुमार्गी जैन संघ महासमुंद व मांगचुआ के रूप में नवीन संघ का गठन हुआ। श्री प्रकाशचंद जी हेमलता जी सोनी, खरियार रोड़ द्वारा 3200 वर्गफीट भूमि समता भवन निर्माण हेतु भूमि प्रदान की गई। समता चिकित्सालय, डोंडी लोहरा का आयुष्मान भारत योजना के तहत रजिस्ट्रेशन।
17. संगरिया में श्री अ.भा.साधुमार्गी जैन संघ के अंतर्गत नवनिर्मित होने वाले समताभवन के भूमि पूजन कार्यक्रम राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं स्थानीय जनमैदिनी की उपस्थिति में निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष व शिखर सदस्य श्री जयचंद लाल जी डागा व भूमि प्रदाता श्री प्रेम जी जैन (सांगरिया) कर–कमलों से दिनांक 26 जनवरी 2023 को संपन्न हुआ।
18. दिनांक 26 जनवरी 2023 को संगरिया में समता भवन हेतु भूमि पूजन के उपरांत बीकानेर मारवाड़ अंचल की क्षेत्रीय बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें गोलूवाला, श्रीगंगानगर, सूरतगढ़, सांगरिया, हनुमानगढ़, पीलीबंगा, रावतसर, फरीदकोट, जैतो, सम्पूलगढ, रामा, मंडी डबवाली, सिरसा, रोडी, कालावाली, गंगा बम्बोहा, गिदरबाह आदि संघों के पदाधिकारी व सदस्यों के साथ–साथ सांगरिया संघ के सदस्यों की भी उपस्थिति रही।
19. दिनांक 6 फरवरी 2023 को राष्ट्रीय अध्यक्ष, कार्यसमिति सदस्य संजय जी चावत एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति में महाराष्ट्र विदर्भ खानदेश अंचल के वापी क्षेत्र का प्रवास रहा। वापी संघ द्वारा संपादित गतिविधियों पर चर्चा हुई तथा संघ सदस्यों के सुझाव आमंत्रित किये गये और साथ ही उनके द्वारा होली (फाल्गुनी पर्व) पर स्वाध्यायियों को बुलाने पर सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गई।
20. दिनांक 10 से 19 फरवरी 2023 को बीआईटी मैदान, शंकर नगर, रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ साहित्य महोत्सव के दौरान साधुमार्गी पब्लिकेशन के अंतर्गत प्रकाशित साहित्य की स्टॉल लगाई गई। जिसमें प्रतिदिन 200 से अधिक आगन्तुकों का पधारना प्रतिदिन रहा और 1 लाख रूपये से अधिक साहित्य सेल रही।

21. दिनांक 18 फरवरी 2023 को रायपुर (छ.ग.) में चल रहे छत्तीसगढ़ साहित्य महोत्सव में साधुमार्गी पब्लिकेशन के अंतर्गत प्रकाशित साहित्य 'आध्यात्मिक आरोग्यम्' का विमोचन मुख्य अतिथि श्री अनिल जी पारख तथा श्री नीलम जी सांखला के कर कमलों से संपन्न हुआ।
22. दिनांक 25 फरवरी से 5 मार्च 2023 तक प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेला–2023 में साधुमार्गी पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित साहित्य की स्टॉल लगाई गई, जिसमें काफी अच्छा रेस्पॉन्स देखने को मिला।
23. दिनांक 1 मार्च 2023 को माननीय श्री अर्जुनराम जी मेघवाल (केन्द्रीय संस्कृति एवं संसदीय कार्यमंत्री–भारत सरकार) के करकमलों से आचार्य श्री नानालाल जी म.सा. की अनुपम कृति 'समता : दर्शन और व्यवहार' के अंग्रेजी अनुवाद "Equanimity : Philosophy & Practice" का विमोचन राष्ट्रीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।
24. दिनांक 14 से 26 फरवरी 2023 को समता संस्कार पाठशाला की संयोजिका श्रीमती पूजा जी शाह एवं उनकी टीम का संयुक्त प्रवास छत्तीसगढ़ उड़ीसा अंचल में सम्पन्न हुआ। प्रवास के दौरान कुल 35 समता संस्कार पाठशालाओं का निरीक्षण किया गया। प्रवास में 27 नवीन समता संस्कार पाठशालाएं प्रारंभ की गई तथा बंद पाठशालाओं को पुनः संचालन प्रारंभ किया गया।
25. समता संस्कार पाठशाला के अध्यापकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ट्रेनर श्री सचिन जी चंडालिया, भीलवाड़ा के नेतृत्व में राजनांदगांव में हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ उड़ीसा अंचल में संचालित पाठशालाओं के सभी अध्यापकों ने सहभागिता की।
26. उदयपुर में प्रवचन सभा में नवमनोनित महामहिम राज्यपाल (असम), श्री गुलाबचन्दजी कटारिया का पदभार ग्रहण करने से पूर्व आचार्य भगवन के दर्शनार्थ पधारना हुआ तथा वहीं एक अन्य कार्यक्रम में श्रीसंघ का साहित्य प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत दिनांक 18 जून 2023 को केन्द्रीय टीम के पूर्वोत्तर अंचल प्रवास के दौरान उनके कार्यालय जाकर उनसे स्नेहमिलन किया गया तथा अभिनंदन पत्र द्वारा सम्मानित किया गया।
27. दिनांक 12 मार्च 2023 को श्री अ.भा.साधुमार्गी जैन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व पदाधिकारियों, आंचलिक पदाधिकारियों एवं मुम्बई संघ की उपस्थिति में श्री साधुमार्गी जैन संघ, नवी मुम्बई का गठन हुआ।
28. दिनांक 28 मार्च से 2 अप्रैल 2023 तक कर्नाटक आंध्रप्रदेश अंचल के कड्डूर, चिंकमंगलूर, हासन, होलेनारसिंहपुर, मैसूर, मांडिया, बैंगलोर व चिकबालापुरा क्षेत्र में 5 दिवसीय प्रवास रहा। आंचलिक सम्मेलन में "The Golden Moments" विषय पर श्री राजेन्द्र जी दुदोडिया (मोटीवेशनल स्पीकर) का मोटीवेशनल सेशन हुआ। श्री साधुमार्गी जैन संघ, बैंगलुरू के तत्वावधान में

''महत्तम संगठनात्मक सम्मेलन'' का आयोजन श्रीमती जेठीदेवी सिपानी फार्म हाऊस, चिकाबालापुरा में हुआ। 'संघ हमारी पहचान' कार्यक्रम तथा 'संघ मेरा दायित्व' विषय पर विविध कार्यक्रम संपन्न। समता संस्कार पाठशालाओं के बच्चों द्वारा एक्जिबिशन स्टॉल के माध्यम से महत्तम महोत्सव व नाटक के द्वारा संघ प्रवृत्तियों पर प्रस्तुति भी रखी गई। कार्यक्रम के दौरान ही बैंगलूरू में 4 समता भवनों के निर्माण की घोषणा व 75 प्रतिशत तक सहयोग राशि की स्वीकृति भी प्राप्त हुई। प्रवास के दौरान संघ समृद्धि में दानदाताओं द्वारा विविध घोषणाएं। **( संलग्न परिशिष्ट – 3 )**।

29. दिनांक 16 अप्रैल 2023 को आचार्य श्री रामेश सुवर्ण दीक्षा महामहोत्सव 'महत्तम महोत्सव' के अंतर्गत समता समग्र आरोग्यम् फिजियोथैरेपी सेंटर का शुभारंभ वीरपुत्र सुश्रावक श्री राजेन्द्रजी गोलछा, उदयपुर/राजनांदगाँव के करकमलों से संपन्न हुआ। इस फिजियोथैरेपी सेंटर को महत्तम महोत्सव के स्थायी सामाजिक सेवा प्रकल्प के अंतर्गत प्रारंभ किया गया है। व समता मनीषी स्व. श्री सोहनलालजी सिपानी की पुण्यस्मृति में श्रीमती जेठीदेवी, श्रीमती कुमुददेवी, श्रीमती श्रद्धा सिपानी, बैंगलोर/उदयरामसर के सहयोग से इसे संघ द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस फिजियोथेरेपी सेन्टर का संचालन डॉ. नेहा जैन (न्यूरो) द्वारा डॉ. पल्लव भटनागर (फिजियोथैरेपिस्ट एवं भ्व्क गीतांजली हॉस्पीटल), उदयपुर तथा डॉ. आशीष जैन (फिजियोथैरेपिस्ट), बैंगलोर के निर्देशन में किया जाएगा।

30. महत्तम महोत्सव (आचार्य श्री रामेश सुवर्ण दीक्षा महोत्सव) के स्थाई सामाजिक सेवा के अंतर्गत एक और अभिनव प्रकल्प के रूप में आनंदकंवर, तारादेवी, चंपालाल बांठिया स्मृति प्याऊ (अंतर्गत : श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ) का शुभारंभ स्व. चंपालाल जी बांठिया परिवार की ओर से श्री सुमति जी बांठिया के कर कमलों से संपन्न हुआ। उदारमना, दानवीर, सुश्रावक स्व. श्री शांतिलाल जी बांठिया द्वारा आनन्द सागर, चित्रा आईस फैक्ट्री के पास, भीनासर में स्थित भूमि श्री अ.भा.सा. जैन संघ को दान स्वरूप प्रदान की गयी थी।

31. परम पूज्य आचार्य भगवन की महती कृपा से अक्षय तृतीया पारणा दिनांक 23 अप्रैल 2023 को चित्तौड़गढ़ संघ के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसमें देश–विदेश से वर्षीतप की आराधकरे का पधारना हुआ। हजारों लोगों की उपस्थिति में 88 पारणे सानंद सम्पन्न हुए व तपस्वियों का तीनो इकाईयों की ओर से बहुमान किया गया। इस दौरान एक सदस्य द्वारा महाप्रभावक सदस्यता हेतु घोषणा। **( संलग्न परिशिष्ट –3 )**

32. दिनांक 28 अप्रैल से 7 मई 2023 तक महाराष्ट्र विदर्भ खानदेश अंचल में साधुमार्गी जैन संघ, जलगाँव द्वारा 10 दिवसीय समता संस्कार शिविर (आवासीय) का आयोजन शासन दीपक श्री पदम मुनि जी म.सा. आदि ठाणा

के सान्निध्य में संपन्न हुआ। जिसमें 240 से अधिक बच्चों ने सहभागिता रही।

33. दिनांक 25 से 30 मई 2023 को मेवाड़ अंचल के उदयपुर, भीण्डर, निकुम्भ, कानोड़, बोहेड़ा, बिगोद, मोरवन, निम्बाहेड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ आदि संघों में संचालित समता संस्कार पाठषलाओं की प्रगति, बच्चों के ज्ञान–ध्यान तथा शिक्षकों की गुणवत्ता परीक्षण हेतु 6 दिवसीय प्रवास किया गया। जिसमें स्थानीय संघ अध्यक्ष/मंत्री के साथ केन्द्रीय कार्यालय समता संस्कार पाठशाला समन्वयक उपस्थित रहे।
34. समता संस्कार पाठशालाएं बच्चों में आध्यात्मिकता, चारित्रिक, बौद्धिक एवं मानसिक विकास की बीज अंकुरित कर रही है। पाठशाला के बच्चों में गुरु भगवतों के जीवन से प्रेरणा देने के उद्देश्य से RRR(रियल रामेश रत्न) कार्यक्रम शुरु किया गया है। जिसकी प्रथम लेवल की परीक्षा 11 जून 2023 को 4000 प्रतिभागियों के साथ संपन्न हुई।
35. दिनांक 2 जून 2023 को मध्यप्रदेश अंचल के रतलाम, बदनावर, कानवन तथा इंदौर क्षेत्र का एक दिवसीय प्रवास राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसमें श्रीसंघ व दोनों इकाईयों के स्थानीय पदाधिकारियों, कार्यसमिति सदस्यों एवं संघ सदस्यों के साथ सभा का आयोजन किया गया। श्री साधुमार्गी जैन कानवन ने संघ अबद्धता के लिये अपनी स्वीकृति प्रदान कीसंघ व दोनों इकाईयों के कार्यसमिति सदस्यों के साथ बैठकें सम्पन्न।
36. दिनांक 4 जून 2023 को श्री अ.भा.साधुमार्गी जैन संघ के अंतर्गत नवनिर्मित समता भवन सिंदखेड़ा (जिला–धुलिया) का उद्घाटन भूमिदाता, दानवीर परिवार की वीर दादीजी श्रीमती कमलादेवी नैनसुखजी लुंकड, जलगांव के कर कमलो से राष्ट्रीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।
37. दिनांक 16 से 21 जून 2023 को श्री अ.भा.साधुमार्गी जैन संघ व श्री साधुमार्गी जैन संघ महिला समिति के केन्द्रीय पदाधिकारियों का 6 दिवसीय पूर्वोत्तर अंचल का संयुक्त प्रवास रहा। इस दौरान वीर परिवारों व वर्षीतप आराधकों से स्नेह मिलन, कछार कैंसर हॉस्पिटल व रिसर्च सेन्टर का अवलोकन व संघ की ओर से 2.1 लाख रूपये दानदाताओं में माध्यम से सहयोग की घोषणा हुई।
38. श्री साधुमार्गी जैन संघ, हवली का पुर्नगठन व श्री साधुमार्गी जैन संघ, बंगाईगांव की संघ आबद्धता हेतु स्वीकृति।
39. दिनांक 18 जून 2023 को पूर्वोत्तर अंचल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सुन्दरलाल जी पींचा की अध्यक्षता में श्री अ.भा.साधुमार्गी जैन संघ तथा श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ महिला समिति का संयुक्त क्षेत्रीय सम्मेलन समता भवन गुवाहटी में सानंद संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सुश्री वर्षा जी बोथरा सुपुत्री श्री रतनलाल जी बोथरा का, जिन्होंने कक्षा 12वीं (वाणिज्य संकाय) में पूरे असम प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अभिनंदन किया गया। असम के महामहिम

राज्यपाल श्री गुलाबचंद जी कटारिया की सम्मेलन में सहभागिता रही। सम्मेलन उपरांत समता संस्कार पाठशाला के बच्चों द्वारा लगाई गई महत्तम महोत्सव, सामायिक, कर्म सिद्धांत, व्यसनमुक्ति, जैन धर्म तथा संघ द्वारा संचालित विविध प्रवृत्तियों की प्रदर्शिनी का अवलोकन। पूर्वोत्तर अंचल प्रवास के दौरान संघ समृद्धि में दानदाताओं द्वारा विविध घोषणाएं। **( संलग्न परिशिष्ट -3 )**

**क्रम संख्या - 3 - विगत आमसभा की पुष्टि, अंगीकरण एवं स्वीकृति** – महामंत्री जी ने अगली कड़ी में विगत आम सभा बैठक जो कि दिनांक 28 सितम्बर 2023, को श्री अटल बिहारी वाजपेयी सभागार, उदयपुर में आयोजित हुई थी। उसका कार्यवृत्त सम्मानित सदस्यों को ईमेल, व्हाट्सऐप द्वारा प्रेषित किया जा चुका है, जिसका सभी ने अवलोकन कर लिया होगा। यदि इस पर कोई प्रश्न अथवा सुझाव है तो बतलायें अन्यथा अपनी स्वीकृती प्रदान कर अनुमोदना प्रदान करावें।

**सदन ने हाथ उठाकार कार्यवृत्त पर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की।**

**क्रम संख्या - 4 - वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट की प्रस्तुति** - राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री मनोज जी डागा ने कहा कि अभी महामंत्री जी ने अपने प्रतिवेदन में बहुत सी प्रवृत्तियों और कार्यक्रमों का उल्लेख किया। उन सभी प्रवृत्तियों को सपोर्ट करने के लिए वित्त की आवश्यकता होती है। जिसके लिए वर्ष 2023–24 में संघ द्वारा प्रावधानित बजट जिस पर उदयपुर में कार्यसमिति सदस्यों द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई थी, आपके समक्ष प्रस्तुत है। वित्तीय वर्ष 2023–24 के परिचालन बजट की प्रतिलिपी सभी सम्मनित सदस्यों को ऑनलाइन लिंक द्वारा पूर्व में प्रेषित किया जा चुका है और सदन में पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत है, आशा करता हूं सभी ने अवलोकन कर लिया होगा। यदि किसी का कोई प्रश्न अथवा सुझाव हो तो कृपया अवगत करावें अन्यथा सदन अपनी स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करावे।

**सदन ने हाथ उठाकर वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट पर अपनी स्वीकृति प्रदान की।**

4.1 – कोषाध्यक्ष जी ने कहा कि अंत में सदन को जानकारी देना चाहूंगा कि आज दोपहर में आयोजित कार्यसमिति बैठक में दो नये बिन्दुओं को बजट में समाहित करते हुए स्वीकृति प्राप्त हुई थी। जिसमें पहला श्री प्रेमराज गणपतराज बोहरा धर्मपाल छात्रावास (नानेश निकेतन), रतलाम जिसके मरम्मत एवं रखरखाव के लिए 8.70 लाख रूपये का बजट तथा नो एण्ड ग्रो प्रवृत्ति जिसका पूर्व में दानदाताओं से सीधे अनुदानित कर संचालित किया जा रहा था, उसे संघ बजट में समाहित करते हुए 14 लाख का बजट निर्धारित किया गया है, जिसमें 4 लाख रुपये के संसाधन होगें। अतः सदन से निवेदन है कि इन दोनों बिन्दुओं को बजट में समाहित करते हुए स्वीकृति प्रदान करावें।

**सदन ने नानेश निकेतन, रतलाम तथा नो एण्ड ग्रो के बजट पर हाथ उठाकर अपनी स्वीकृति प्रदान की।**

4.2 – उन्होंने आगे कहा कि विगत कार्यसमिति बैठक में बजट परचर्चा के दौरान परिचालन बजट के साथ केपिटल बजट प्रस्तुति का सुझाव सदन से प्राप्त हुआ था। जिसके क्रियान्वयन की दिशा में बतलाना चाहता हूं कि इसे आगामी बजट प्रस्तुतिकरण में अवश्य ही समाहित कर प्रस्तुत किया जावेगा।

केपिटल बजट में समाहित होने वाली मुख्य प्रवृत्ति समता भवन है, जिसके संयोजक महोदय श्री शांतिलाल जी सांड सा. आज सदन में उपस्थित हैं। इनकी भावना रहती है कि कोई भी गांव ऐसा न हो जहां समता भवन न हो। मेरा सदन से निवेदन है कि यदि स्थानीय संघ समता भवन निर्माण हेतु पुरूषार्थ करते हैं तो संघ की ओर से 25 लाख रूपये का अर्थ सहयोग उपलब्ध है। इसके अंतर्गत कोई भी दानवीर भामाशाह 1 प्रतिशत से लेकर 20 प्रतिशत का सहयोग प्रदान कर सकता है।

दूसरा केन्द्रीय प्रवास टीम का मुख्य उद्देश्य संघ प्रवृत्तियों की प्रभावना है न की अर्थ संग्रहण। अतः मेरा सभी उपाध्यक्ष–मंत्रीगणों के साथ स्थानीय संघों से निवेदन है कि अधिक से अधिक प्रवास नियोजित करें और संघ प्रवृत्तियों को घर–घर पहुंचायें।

**क्रम संख्या - 5 - नवसाहित्य विमोचन** - राष्ट्रीय महामंत्री जी ने नव साहित्य विमोचन हेतु संयोजक श्री सुनील जी बम्ब को आमंत्रित किया।

5.1 – श्री सुनील जी बम्ब ने कहा कि साधुमार्गी पब्लिकेशन द्वारा आचार्य भगवन के मुख से उन्मुक्त जिनवाणी एक और साहित्य पुस्तक के रूप में संकलित हो कर आपके समक्ष प्रस्तुत है। जिसमें से दो पुस्तकें आज कार्यसमिति बैठक के दौरान तथा एक पुस्तक 'स्वरित' का विमोचन होने जा रहा है। उन्होंने साहित्य विमोचन हेतु सभी पूर्व एवं वर्तमान अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, पदाधिकारीगण, शिखर सदस्य, उपाध्यक्ष/मंत्री, कार्यसमिति सदस्यगण, वीर परिवार के सदस्य, तथा स्थानीय नीमच संघ की तीनों इकाईयों के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया।

**नवकार मंत्र के सामुहिक पाठ के साथ उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा नव साहित्य 'स्वरित' का विमोचन संपन्न हुआ।**

**क्रम संख्या - 6 - पूर्वाध्यक्षों द्वारा आर्शीवचन एवं मार्गदर्शन** - राष्ट्रीय महामंत्री जी ने पूर्वाध्यक्षों से मार्गदर्शन और आर्शीवचन हेतु श्री शांतिलाल जी साड से निवेदन किया।

6.1 – श्री शांतिलाल जी सांड ने कहा कि हम और आप भाग्यशाली हैं, जिन्हें ऐसे गुरु और शासन की सेवा का अवसर मिला है। हमारा केवल एक ही

लक्ष्य होना चाहिए कि कैसे इस संघ को आगे बढ़ाना है, कैसे हमारे गुरु के आदर्शों को आगे बढ़ाना है। हमे इस बात का सदैव ध्यान रखना है कि हम इस सदन में क्यूं उपस्थित हैं, संघ का विकास कैसे हो। हमारे ऊर्जावान राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उनकी टीम ने विगत 4 वर्षो में जो कार्य किये, संघ को जिस आयाम तक पहुंचाया वह निःसंदेह अनुकरणीय है। कोरोना जैसा महामारी के दौरान जोधपुर में संघ के अंतर्गत चातुर्मास संपन्न करवाना अपने आप में प्रसंशनीय कृत्य है। मैं उन्हें और उनकी पूरी टीम को साधुवाद ज्ञापित करता हूं और आने वाले पदाधिकारियों से आशा करता हूं वे इस विकास पताका को सदैव ऊंचाई पर बनाये रखेंगे। हमें इन्हीं की भांति उन्हें सहयोग प्रदान करना है।

6.2 – श्री जयचंदलाल जी डागा ने कहा कि आज सदन की उपस्थिति और उत्साहपूर्ण माहौल देखकर मन हर्षित, प्रफ्फुल्लित है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उनकी टीम का कार्यकाल वाकई देखने लायक रहा। जहां कोरोना जैसी विषम स्थितियों में आचार्य भगवन के जोधपुर चातुर्मास में जब भी जाना होता, उन्हें वहीं सेवा करते हुए पाया। हमें ऐसे प्रतिभावान राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलना कठिन है। हम संघ विधान के नियमों में बधें है, जहां 4 वर्ष से अधिक एक साथ कार्यकाल संभव नहीं है। लेकिन मैं आशान्वित हूं कि आने वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्हीं के समान ऊर्जा व समर्पणा से परिपूर्ण होंगे। हमें उन्हें सदैव की भांति सहयोग प्रदान करते हुए संघ को विकासोन्मुख बनाये रखना है। अंततः पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उनकी टीम को हार्दिक साधुवाद ज्ञापित करता हूं।

**7 – नवमनोनित महिला समिति राष्ट्रीय अध्यक्षा उद्बोधन –** महामंत्री जी ने कहा कि हमारे लिए हर्षानुभूति का विषय है कि श्री अ.भा.साधुमार्गी जैन महिला समिति की सत्र 2023–25 के लिए श्रीमती पुष्पा जी मेहता का सर्वसम्मति से पुर्नमनोनयन हुआ। मेरा उनसे निवेदन है कि वे अपेन उद्बोधन से सदन को अनुगृहित करें।

7.1 – श्रीमती पुष्पा जी मेहता ने कहा कि एक बार फिर संघ ने जो विश्वास जताया है, उसको पूरा करने का, पूरे सामर्थ्य के साथ आगे बढ़ने का, पूरी टीम के साथ लक्ष्यों को प्राप्त करने का मैं सदन को विश्वास दिलाती हूं और आपसे सविनय आग्रह करती हूं कि आपका साथ और सहयोग पूर्व की भांति आगे भी सदैव मिलता रहे। यही सदिच्छा...।

**क्रम संख्या – 8 – सत्र 2023–25 के लिए नये राष्ट्रीय अध्यक्ष का मनोनयने** – राष्ट्रीय महामंत्री जी ने कहा कि अब वो घड़ी आ गयी है, जिसका सभी सभा में उपस्थ्थित सदस्यों उत्सुकतावश इंतजार है। श्री अ.भा.साधुमार्गी जैन संघ के सत्र 2023–25 के लिए नवअध्यक्ष मनोनयन के लिए मैं नियामक परिषद प्रमुख से आग्रह करता हूं कि वे आगे आकर नवअध्यक्ष मनोनयन की प्रक्रिया संपादित

करावें।

8.1– नियामक परिषद प्रमुख श्री राजकुमार जी नाहर ने सत्र 2023–25 के लिए नवअध्यक्ष मनोनयन से संबंधित प्रपत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को सुपुर्द करते हुए उसके वांचन हेतु से निवेदन किया।

8.2 – राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने कहा कि हम सभी उस पल के साक्षी बनने जा रहे हैं, जिसकी अभिलाषा सदन प्रारंभ से थी। 4 वर्षो का यह सफर आप सभी के सहयोग से कैसे बिता पता ही नहीं चला।

**''हम चलते गये, राहें मिलती रहीं, राह के कांटे फूल बनते गये**
**यह तो कृपा थी गुरु राम की, वरना इस राह पर हजारों फिसल गये''**

यह एक सेवा का अवसर है, हम केवल एक माध्यम है। यह संघ है तीर्थंकर भगवतों का, महापुरुषों के सान्निध्य का, उनके अतिशय का। साधु–साध्वी, श्रावक–श्राविका और उनके ऊपर हमारे आचार्य भगवन; संघ में यह एक ऐसी व्यवस्था, संरचना की गई है जो वर्षों से चली आ रही है, जिसका सिंचन किया है, पूर्वाध्यक्षों ने, पदाधिकारियों ने और संघ के प्रत्येक सदस्य ने। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए संघ की सर्वोच्च इकाई नियामक परिषद, जो तन्मयता के साथ संघ के साथ कार्य करते हुए आवश्यकतानुरूप अपना मार्गदर्शन प्रदान करती रहती है, द्वारा श्री अ.भा.साधुमार्गी जैन संघ के सत्र 2023–25 के लिए नवअध्यक्ष की घोषणा का जो आदेश मुझे हुआ है, उसका क्रियान्वयन कर रहा हूं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय ने पत्र वांचन प्रारंभ करते हुए कहा कि संघ समर्पणा गीत के 21वें श्लोक या 42 वीं पंक्तियों जितना अर्थ हमारे संघ का है, लेकिन इसकी परिधि विश्व का कोई भी यंत्र माप नहीं सकता। इसकी थाह, गहराई मापी नहीं जा सकती है। तभी कहा जाता है कि –

**संघ हमारा अविचल मंगल–नंदनवन सा महक रहा है।**

एक संघ तभी अविचल मंगल बनता है जब उसका सिंचन महापुरुषों के करकमलों से होता है। परम पूज्य स्मृति शेष आचार्य श्री नानेश के समय जब हमारे संघ की स्थापना साधुमार्गी जैन संघ के रूप में हुई तब से अब तक हमारे पूज्य महापुरूषों सान्निध्य तथा ज्येष्ठ–श्रेष्ठ श्रावकों के प्रबल पुरूषार्थ से यह संघ धार्मिक, सामाजिक तथा रचनात्मक कार्यो साथ सकल जैन समाज में उत्तरोतर सम्मानित पहचान बनाते हुए निरन्तर सोपान चढ़ता जा रहा है।

आज हमारे संघ को समाज एक समतामय, संस्कारित एवं अनुशासित संघ के रूप में देखता है। जिससे कि हमें गौरव की अनुभूति होती है, और गौरव होना स्वाभाविक भी है। किन्तु इन सभी विश्लेषणों के साथ हमारी सचेतकता, सजगता, उत्तदायित्वता, विशलेषणात्मकता तथा सदन की सार्थकता भी रखनी

